कायोलय, आयुक्त उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश शासन
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांक 1303 / 356 / आउशि / अकादमी / 2024 भोपाल दिनांकः 26 / 07 / 2024

प्रति,

1. प्राचार्य, शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल.
2. प्राचार्य, शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय, भोपाल.
3. प्राचार्य, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल.
4. प्राचार्य, शासकीय बाबूलाल गौर महाविद्यालय, भेल भोपाल.
5. प्राचार्य, शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल

विषयः–विद्या भारतीय समुत्कर्ष संस्थान द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी हेतु सेमिनार आयोजित करने के संबंध में।

सन्दर्भः–संयोजक समुत्कर्ष संस्थान, भोपाल द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 25.07.2024.

–0–

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। उक्त पत्र संबंध में कृपया निम्नलिखित तिथियों / समय में आपके महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को आयोजित सेमिनार में सम्मिलित होने एवं संवाद किए जाने हेतु अवगत कराएं तथा आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करें :–

| क. | शासकीय महाविद्यालय का नाम | प्रस्तावित तिथि | निर्धारित समय | आयोजित सेमीनार का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल. | 30 जुलाई, 2024 | पूर्वान्ह 11.00 से 12.00 बजे | मध्यप्रदेश लोक सेवा अयोग 2021 के टॉपर्स एवं श्री भुवनेश चौहान डी.एस.पी. –21021 के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में अनुभव एवं विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं के संबंध में संवाद। |
| 2. | शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय, भोपाल | 30 जुलाई, 2024 | अपरान्ह 02.00 से 03.00 बजे | |
| 3. | शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल | 31 जुलाई, 2024 | पूर्वान्ह 11.00 से 12.00 बजे | |
| 4. | शासकीय बाबूलाल गौर महाविद्यालय, भेल भोपाल | 31 जुलाई, 2024 | अपरान्ह 02.00 से 03.00 बजे | |
| 5. | शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल | 01 अगस्त, 2024 | पूर्वान्ह 11.00 से 12.00 बजे | |

"आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित"

26/7/24

( डॉ.धीरेन्द्र शुक्ल )
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

पृ. कमांक 1304 / 356 / आउशि / अकादमी / 2024, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 2024

प्रतिलिपि :–

1– निज सहायक, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2– स्टाफ आफीसर, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल।
3– निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा म.प्र., भोपाल।
4– क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा भोपाल संभाग– कृपया आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5– डॉ.गजेन्द्र सिंह यादव, संयोजक, समुत्कर्ष संस्थान, भोपाल।

..कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce
College, Bhopal

Scanned with OKEN Scanner

स्व. श्रीमती अर्चना शुक्ला स्मृति

# ''समुत्कर्ष संस्थान''

http://www.vidyabhartimp.com

विद्याभारती मध्यभारत, भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा संचालित

प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी हेतु श्रेष्ठ संस्थान

---

प्रति,

दिनांकः- 25/07/2024

प्राचार्य,
शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय,
भोपाल (म.प्र.)

विषयः- विद्या भारती समुत्कर्ष संस्थान द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी हेतु सेमिनार आयोजित करने के संबंध में।

-----0000----

विषयांतर्गत निवेदन है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुषंगिक संघटन, विद्याभारती मध्य भारत प्रांत द्वारा संचालित समुत्कर्ष संस्थान द्वारा महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के मध्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर जागरूकता संबंधित सेमिनार का आयोजन दिनांक 29 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 के मध्य किसी भी एक दिन किया जाना है।

सेमिनार एक घंटे का होगा, जिसमें MP-PSC वर्ष 2021 की टॉपर (1st रैंक) सुश्री अंकिता पाटकर, 3rd रैंक सुश्री पूजा चौहान, 5th रैंक श्री प्रियंक मिश्रा, 10th रैंक सुश्री ज्योति राजौरे, श्री भुवनेश चौहान DSP PSC-2021 उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे।

कृपया सेमिनार आयोजन हेतु सुविधानुसार दिनांक 29 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 के बीच एक तिथि एवं समय निर्धारित कर सूचित करने का अनुरोध है।

''सादर''

**संपर्कः- 87706-58305, 79995-95014**

(डॉ गजेन्द्र सिंह यादव)
संयोजक
समुत्कर्ष संस्थान
भोपाल (म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce
College, Bhopal

Scanned with OKEN Scanner

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल म.प्र.
Website : https://govhamidiacollege.com/ Ph.-Fax No. 0755-2660447,2660081 Email – heghaaccbho@mp.gov.in

भोपाल, दिनांक ........................

# सूचना

महाविद्यालय में कल दिनांक 30.07.2024 को पूर्वान्हः 10:30 से 12:00 बजे तक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विद्या भारतीय समुत्कर्ष संस्थान द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी हेतु मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग 2021 बैच के टॉपर्स, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में अपने अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा करेंगे एवं उनकी जिज्ञासाओं के संबंध में संवाद करेंगें। सभी छात्र जो प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में जानकारी हासिल करना चाहते है, इस अवसर पर वर्चुअल कक्ष में प्रातः 10:30 पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

दिनांक – 30.07.2024
समय – पूर्वान्हः 10:30 से 12:00
स्थान – वर्चुअल कक्ष

29/7/24
Principal,
Govt. Hamidia Arts & Comm. College
BHOPAL (M. P.)
(डॉ. शरद तिवारी)
प्रभारी प्राचार्य

Scanned with OKEN Scanner

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल म.प्र.
Website : https://govhamidiacollege.com/ Ph.-Fax No. 0755-2660447,2660081 Email – heghaaccbho@mp.gov.in

भोपाल, दिनांक 30/7/24

# प्रेस विज्ञप्ति

## प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी हेतु सेमिनार

भोपाल के प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय हमीदिया महाविद्यालय भोपाल में म.प्र. शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 30.07.2024 को पूर्वान्ह 11:00–12:00 बजे तक उच्च शिक्षा विभाग एवं विद्या भारतीय समुत्कर्ष संस्थान के तत्वाधान से सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी हेतु म.प्र. लोक सेवा आयोग के 2021 बैच के टापर्स श्री प्रियंक मिश्रा (रैंक–5) एवं डॉ. ज्योति राजोरे (रैंक–10) एवं उनके गुरू श्री अभिषेक खरे ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में अपने अनुभव विद्यार्थीयों के साथ साक्षा किए एवं उनकी जिज्ञासाओं के संबंध में संवाद किया। इस अवसर पर श्री कुलदीप शुक्ला, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, खाद्य नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, म.प्र. शासन एवं श्री गजेन्द्र सिंह यादव, संयोजक समुत्कर्ष संस्थान एवं समुत्कर्ष संस्थान के समस्त गुरूजन एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. शरद तिवारी उपस्थित रहे। इस सेमिनार में भारी संख्या में महाविद्यालय के छात्र एवं वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहें। इस सेमिनार से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं का ज्ञान प्राप्त हुआ एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अपने प्रश्नों का उत्तर मिला। इस सेमिनार से भारी संख्या में छात्र लाभान्वित हुए।

30/7/24
(डॉ. शरद तिवारी)
प्रभारी प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts and Commerce College, BHOPAL

प्रति,
संपादक,
दैनिक ..................................

Scanned with OKEN Scanner




PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce
College, Bhopal


Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce
College, Bhopal

Scanned with OKEN Scanner




PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce
College, Bhopal




PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce
College, Bhopal